# समाज की तरक्की में शिक्षा का अहम योगदान : महेन्द्र सिंह रलावता



542 प्रतिभाओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

- 'समाज के कार्यक्रम में आने वाले नेता अपनी राजनीति द्वार के बाहर ही छोड़कर आए'
- देशवाली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। देशवाली एकता दिवस के मौके पर देशवाली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह मंगलवार को अजमेर के जवाहर रंगमंच में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान 542 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। प्रतिभाओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट अपने संदेश के जरिए समाज से मुखातिब हुए। पायलट में देशवाली एकता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन की कामना की। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे देशवाली पंचायत चौरासी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं डारडा तुर्की सरपंच अब्दुल करीम ने कहा कि समाज की जाजम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। समाज के कार्यक्रम में आने वाले नेता अपनी राजनीति द्वार के बाहर ही छोड़कर आए।

कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह रलावता ने अपने संबोधन में बच्चों को शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज की तरक्की में शिक्षा का अहम योगदान है। प्रतिभा सम्मान समारोह समाज के बच्चों के प्रोत्साहन के लिए जरुरी है। प्रदेश कांग्रेस विभाग के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में कुरीतियों का खात्मा कर समाज के बच्चों का शिक्षा से जुड़ाव हो इसके लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में मुंबई साहिब मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर रोशन जहान ने अपने मोटिवेशनल स्पीच के दौरान अर्जन पर जोर दिया। कार्यक्रम में उर्दू अदब की शायरा मेहर जहीन माही ने बालिका भ्रूण हत्या और बालिका शिक्षा पर नज्म पेश की। कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने कहा कि माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर बच्चों की काउंसलिंग जरूरी है जिससे कि बच्चों सही दिशा में बढ़ सके। मौलाना अयूब कासमी ने कहा कि दीन और दुनिया की तालीम बच्चों को लाजमी रूप से कराएं। इस दौरान पूर्व नाजिम शकील अहमद, जिला परिषद में एक्सईएन कबीर अख्तर, एडीएसओ अब्दुल सादिक, कृषि सेवा से सेवानिवृत्त सिद्दीक खान, कांठोस कमेटी के देहात महासचिव फिरोज खान जीएस, अजमेर नगर निगम के पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, आरिफ खान जावेद, खान, सरवाड़ नगर पालिका के पार्षद आरिफ, अतीक तंवर, एडीओ शौकत अली देशवाली, पूर्व एडीओ कमरुद्दीन सांखला, मोइनुद्दीन सांखला, शौकत अली भाटी, मांगू खां, विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अलाउद्दीन देशवाली, पूर्व सचिव राजुद्दीन बहलीम, मोहम्मद हुसैन खिलजी, सत्तार खां समाज के प्रदेश भर से आए लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान गोपाल बंजारा एवं टीम की ओर से बेटियां नमक नाटक का मंचन किया गया। जिसमे समाज में फैली कुरुतियों पर कटाक्ष एवं मंचन किया गया। नाटक आकर्षण का केंद्र रहा। ऑडिटोरियम में मौजूद लोगों ने तालियां बजाई। एक ट्रेन हादसे में अपनी दोनों टांगे गंवा चुकी मुंबई की डॉक्टर रोशन जहान शेख ने अपनी कहानी जब स्टेज पर सुनाई तो ऑडिटोरियम में मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। रोशन ने ट्रेन हादसे के बाद कड़े संघर्ष और मेहनत की बदौलत अपने बचपन के सपने को पूरा किया था। डॉ रोशन की मेहनत और लगन का नतीजा ही रहा कि एमबीबीएस और एमडी की डिग्री पूरी कर सकी। अपने संबोधन में डॉ रोशन जहां ने कहा कि बेटे और बेटियों में फर्क करने के बजाय परिवार को चाहिए कि दोनों को तालीम से जोड़ें। समाज शिक्षा के उच्चतम पायदान पर पहुंच सकता है। कार्यक्रम के बाद रोशन जहान के साथ सेल्फी लेनी की बच्चों में होड़ सी मची रही।

# मोक्षधाम का कार्य जोरों पर, स्थानीय सहयोग से कार्य जारी



मोक्षधाम वर्किंग कमेटी के सदस्यों ने श्मशान के विकास कार्य का जायजा लिया।

**पुष्कर,** (निसं)। यहां बड़ी बस्ती स्थित श्मशान घाट का विकास कार्य जोरों पर चल रहा है। मोक्षधाम वर्किंग कमेटी की ओर से यह विकास कार्य जनसेवक से करवाया जा रहा है।

मोक्षधाम वर्किंग कमेटी के सदस्य ने बताया कि पुष्कर के बड़ी बस्ती स्थित श्मशान घाट की हालत काफी खराब हो चुकी थी और गत चार-पांच सालों से वर्किंग कमेटी विकास कार्य कराने के लिए आतुर थी लेकिन कोरोना काल होने की वजह से विकास कार्य नहीं कराया जा सका लेकिन अब स्थानीय सहयोग और एवं भामाशाह के सहयोग से यह कार्य जोरों पर चल रहा है।

जिसमें टीन शेड नए लगवा दिए गए हैं, लोगों के बैठने के लिए छाया हेतु टीन-शेड लगवा दिए गए हैं इसके अलावा पत्थर लगवा पक्की सीढ़ियां भी बनवाई गई है। जहां पानी भरता था वहां पर भी मिट्टी भरा कर 3 फुट ऊपर कर लिया गया। वर्किंग कमेटी प्रतिदिन दोपहर 2 से 4 तक चल रहे विकास कार्य का जायजा लेकर वहां कार्य कर रहे कारीगर व वर्करों को दिशा निर्देश भी दिया जाता है जिससे कि भामाशाह के द्वारा दी गई राशि का सही उपयोग हो सके।

## महिला समाधान समिति की बैठक आज

**अजमेर,** (कासं)। महिला समाधान समिति की बैठक जिला कलैक्टर अंश दीप की अध्यक्षता में बुधवार दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक ने दी।

## एसडीएम ने बस स्टैंड का किया निरीक्षण

**मसूदा,** (निसं)। रामगढ़ रोड स्थित नए बस स्टैंड की दुर्दशा को लेकर उपखंड अधिकारी डॉ संजू मीणा ने निरीक्षण किया साथ ही ग्राम पंचायत के नए बस स्टैंड को दुरुस्त करवाने एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।


गौरतलब है कि नए बस स्टैंड को बनने के बाद भी रोडवेज की बसे स्टैंड में नहीं जा रही थी। एवं ब्यावर रोड स्थित नारायण सिंह सर्किल पर अघोषित बस स्टैंड बना रखा है। एवं उक्त बस स्टैंड पर बसों के रुकने एवं यात्रियों की आवाजाही के चलते दुकानदारों एवं ठेले वालों द्वारा अवैध रूप से अस्थाई अतिक्रमण कर रोड को तंग कर दिया। जिससे आए दिन सड़क मार्ग पर जाम लगने की घटनाएं आम हो रही है। जिसमें अधिकारियों के वाहन एवं एंबुलेंस तक अटक जाते हैं। उसी को देखते हुए उपखंड अधिकारी संजू मीणा ने दिनों पूर्व नए बस स्टैंड को शुरू करने की बात कही थी। इसको लेकर सरपंच पुष्पकांता धूत एवं ठाम पंचायत कोरम ने नए बस स्टैंड को शुरू करने का आश्वासन भी दिया था। लेकिन अभी तक कोई प्रगति नहीं होने पर उपखंड अधिकारी स्वयं नए बस स्टैंड पर पहुंची एवं निरीक्षण कर ग्राम पंचायत कोरम को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शीघ्र से शीघ्र सुविधाएं उपलब्ध करवाकर शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मसूदा तहसीलदार ओमसिंह लखावत, पटवारी शंकरलाल, वार्ड पंच जसराज पंवार, जितेन्द्र कुमार माली, हरि प्रसाद वोहरा आदि निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।

# धर्म की रक्षा से ही राष्ट्र मजबूत होगा : पृथ्वी सिंह भोजपुरा

- धर्म रक्षा सप्ताह का शुभारंभ, ग्राम संगोष्ठी का आयोजन

**ब्यावर,** (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद के धर्म प्रसार विभाग द्वारा सम्पूर्ण देश में मनाये जा रहें 'धर्म रक्षा सप्ताह' के शुभारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम कोलपुरा एवं राजियावास में ब्यावर परियोजना सहप्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा के सानिध्य में संगोष्ठी आयोजन कर धर्म रक्षा दिवस बनाया गया।

धर्म रक्षा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पृथ्वी सिंह भोजपुरा ने कहा कि भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने हेतु धर्म की रक्षा से ही सकल राष्ट्र की मजबूती संभव है। स्वधर्म रक्षार्थ पूज्य स्वामी श्रद्धानंद एवं गुरु गोविंद के पुत्रों ने अपना बलिदान दे दिया था। विहिप ने इस सप्ताह को धर्म रक्षा सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया हैं। धर्म के लिए बलिदान होने वाले स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती, भारतेश्वर सम्राट पृथ्वीराज चौहान, बाबा रामदेव, तेजा महाराज, गुरु गोविंद सिंह जी की जीवन चरित्र और उनके परिवार के बलिदान के विषय में विस्तार से बताया।



ग्राम कोलपुरा एवं राजियावास में ब्यावर परियोजना सहप्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा के सानिध्य में संगोष्ठी आयोजन कर धर्म रक्षा दिवस बनाया गया।

भोजपुरा ने स्वामी श्रद्धानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के शिक्षाविद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा आर्यसमाज के संन्यासी थे जिन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती की शिक्षाओं का प्रसार किया। वे भारत के उन महान राष्ट्रभक्त सन्यासियों में अग्रणी थे, जिन्होंने अपना जीवन स्वाधीनता, स्वराज्य, शिक्षा तथा वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय आदि शैक्षिणक संस्थानों की स्थापना की और हिन्दू समाज व भारत को संगठित करने तथा 1920 के दशक में "शुद्धि आन्दोलन" चलाने में महती भूमिका अदा की।

स्वयं डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने सन 1922 में कहा था कि श्रद्धानन्द अछूतों के "महानतम और सबसे सच्चे हितैषी" रहें। प्रखंड संगठन मंत्री अजय सिंह ने बताया कि इस अवसर पर संगठन मंत्री बलवीर सिंह कोलपुरा, भानुप्रताप सिंह चौहान, हनुमान सिंह चौहान, भरत सिंह रावत, नरेंद्र सिंह चौहान, अजय सिंह चौहान राजियावास, दिलीप सिंह पंवार कालिंजर, शैतान सिंह नुन्द्री मालदेव, नयागांव पूर्व सरपंच भैरू भाई, बिरदाराम देशराज अवाना मंगलाराम, कोलपुरा से रमेश फौजीप्रताप जी भूपेंद्र फौजी, बना सिंह, दरियाव सिंह जीतू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय युवा माहेश्वरी संगठन का राष्ट्रीय खेल महोत्सव

**गुलाबपुरा,** (निसं)। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा पश्चिमी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के आयोजकत्व में जोधपुर जिला माहेश्वरी युवा संगठन के आतिथ्य में 23 से 25 दिसंबर को जोधपुर में अपार सफलताओं के साथ आयोजित हुआ। नेपाल सहित देश भर से 2500 से अधिक प्रतिभागियों और युवा साथियों ने राष्ट्रीय खेल महोत्सव सहभागिता की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या ने की। महासभा के महामंत्री संदीप काबरा के सानिध्य और मार्गदर्शन में खेल महोत्सव संपन्न हुआ और महामंत्री काबरा की कार्यक्रम में प्रधान अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। तीनों दिन अलग-अलग संपन्न हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, भीलवाड़ा लोकसभा सांसद सुभाष बहेडिया की उपस्थिति रही। साथ ही राष्ट्रीय कार्यसमिति एवं कार्यकारी मंडल बैठक भी सफलतम आयोजित हुई। कार्यक्रम में कपिल शर्मा शो के कीकू शारदा, प्रख्यात गायक पूर्वा मंत्री, जोधपुर विधायक मनीषा पवार व भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर दिशा कास्ट की विशेष उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय अध्यक्ष काल्या ने बताया कि युवा संगठन ने इस कार्यक्रम के माध्यम से नए आयाम स्थापित किए हैं और इस आयोजन के विजेताओं को युवा संगठन के ट्रस्ट 'श्री बसन्तीलाल मनोरमादेवी काल्या अ.भा. माहेश्वरी युवा फाउंडेशन' द्वारा साधन और संसाधन उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इन्हीं विजेताओं में से कोई भारतीय टीम में कोई क्रिकेट खेलता हुआ दिखाई देगा तो कोई शतरंज में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगा, ऐसी आशा श्री काल्या ने व्यक्त की। राष्ट्रीय खेल मंत्री अर्पित धूत ने देशभर से पधारे हुए सभी साथियों का स्वागत अभिनंदन किया। राष्ट्रीय महामंत्री आशीष जाखोटिया ने सभी आगंतुक अतिथियों, साथियों, प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। युवा संगठन के इस तीन दिवसीय खेल महोत्सव के आयोजन में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या, महामंत्री आशीष जाखोटिया, खेल मंत्री अर्पित धूत, सांस्कृतिक मंत्री राजेश मंत्री, कोषाध्यक्ष राहुल बाहेती, संगठन मंत्री भरत तोतला, निवर्तमान महामंत्री प्रवीण सोमानी अपनी सम्पूर्ण टीम के साथ उपस्थित रहे।

उक्त राष्ट्रीय खेल महोत्सव में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं क्रिकेट बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बॉक्स क्रिकेट, केरम, शतरंज, स्विमिंग, रेसिंग में देशभर के माहेश्वरी युवाओं ने भाग लिया। प्रदेश सभा अध्यक्ष रतनलाल डागा, प्रदेश युवा संगठन के अध्यक्ष दिनेश राठी, खेल महोत्सव संयोजक जीतू गांधी, जिला अध्यक्ष अनिल धूत, संरक्षक डा जुगल किशोर झंवर, कार्यसमिति सदस्य रनीश दरगड, प्रदेश खेल मंत्री दीपक हद मंत्री ,जिला खेल मंत्री अभिषेक मानधना, जिला सचिव अरुण बंग, उपाध्यक्ष सुरेंद्र जाजू ने सभी आगंतुक अतिथियों व विजेताओं का आभार व्यक्त किया।


**आम सूचना**

मेरे पिता लक्ष्मीनारायण पुत्र गौवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम कटसुरा हाल किशनगढ़ की मृत्यु दिनाँक 21-06-98 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम कटपुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कटसुरा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी-श्यामलाल शर्मा पुत्र लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी ग्राम कटसुरा हाल आजाद नगर महावीर कोलोनी किशनगढ़ (अजमेर)

**आम सूचना**

मेरी माता श्रीमती मनफूलदेवी पत्नि लक्ष्मीनारायण जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम कटसुरा हाल किशनगढ़ की मृत्यु दिनाँक 07-01-1999 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम कटपुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कटसुरा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता श्रीमती मनफूल देवी का मृत्यु प्रमाण बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी-श्यामलाल शर्मा पुत्र लक्ष्मीनारायण शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम कटसुरा हाल आजाद नगर महावीर कॉलोनी किशनगढ़ (अजमेर)

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम नौसर के खसरा नं. 179 के मित्र नगर, रातीडांग स्थित प्राधिकरण के द्वारा जारी पट्टाशुदा आवासीय भूखण्ड 205.33 वर्ग गज के मूल आवंटी स्व. श्री बन्शी लाल गुरू पुत्र स्व. श्री गिरधारी लाल गुरू निवासी 9/434, बालू गौमा गली, आगरा गेट के बाहर, अजमेर की मृत्यु दिनांक 17 नवम्बर 2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 12/10/2011 संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री राजेश कुमार गुरू पुत्र स्व. श्री बन्शी लाल गुरू निवासी गली नं. 1, मित्र नगर, एम.पी.एस. स्कूल के पास, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर


# फीडर ट्रिपिंग, जले ट्रांसफार्मर बदलने आदि के लिए बनेगा एक अलग सेल

- कृषि उपभोक्ताओं के लिए डिस्कॉम सतर्क
- एमडी ने दिए सभी संभागीय मुख्य अभियन्ताओं को निर्देश

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने किसानों को बेहतर विद्युत सेवाएं प्रदान करने तथा दी जा रही सेवाओं पर निगरानी करने के लिए एक अलग से सेल बनाने का निर्णय लिया है। इस सेल के माध्यम से ब्लॉक सप्लाई, फीडर ट्रिपिंग, जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने, नए कृषि कनेक्शन की प्रगति तथा उपभोक्तओं के बिल सुधार जैसे कार्यो की मॉनिटरिंग की जाएगी।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एनएस निर्वाण ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा ली गयी समीक्षा बैठक में डिस्कॉम्स को कृषि ब्लॉक पावर सप्लाई, फीडर ट्रिपिंग, जले हुए ट्रांसफार्मरों को बदलने, नए कनेक्शनों की प्रगति तथा उपभोक्ताओं के बिल सुधार पर प्रतिदिन फीडबैक लेने के निर्देश दिए गए थे। इसी को मद्देनजर रखते हुए अजमेर डिस्कॉम के सभी संभागीय मुख्य अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपने स्तर पर एक अलग से सेल बनाये जो इन सभी कार्यो की मॉनिटरिंग करेंगी।

प्रबंध निदेशक निर्वाण ने सभी संभागीय मुख्य अभियन्ताओं को निर्देश दिए कि वे बनाये जा रहे सेल के माध्यम से किसानों को दी जा रही विद्युत सेवाओ की लगातार मॉनिटरिंग करेंगे तथा नियमित रूप से फीडबैक लेंगे। श्री निर्वाण ने संभागीय मुख्य अभियन्ताओं को निर्देश दिए कि इस कार्य की साप्ताहिक स्थिति निर्धारित प्रारूप में निगम के मॉनिटरिंग सेल को भेजा जाना भी सुनिश्चित करे। प्रबन्ध निदेशक निर्वाण ने सभी अधीक्षण तथा अधिशासी अभियन्ताओं को भी निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालय में एक रजिस्टर मेन्टेन करे। रजिस्टर में उपभोक्ताओं से इन सभी बिंदुओं पर लिए गए फीडबैक का इंद्राज करे। जो भी फीडबैक उपभोक्ताओं से प्राप्त होता है उसे संबंधित संभागीय मुख्य अभियन्ता को भी प्रेषित करें।

प्रबंध निदेशक निर्वाण ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार अजमेर डिस्कॉम किसानों को बेहतर विद्युत सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। अजमेर डिस्कॉम ने इस वर्ष रिकॉर्ड कनेक्शन जारी किए है तथा किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की है। जले हुए ट्रांसफार्मर को भी 48 घंटे के अंदर बदला जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपना विद्युत बिल समय पर जमा करवाये जिससे निगम भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सके।

## पंचायत भवन का निरीक्षण

**गुलाबपुरा,** (निसं)। पंचायत समिति हुरडा की नवगठित ग्राम पंचायत जाल खेड़ा में पंचायत भवन हेतु चल रहे निर्माण कार्य का प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ ने निरीक्षण किया। उक्त पंचायत भवन 4 बीघा जमीन पर 55 लाख रुपए की लागत से सरपंच ग्राम विकास अधिकारी नरेगा सहायक के कार्यालय हेतु 4 कमरे, 1 मीटिंग कक्ष, सुलभ शौचालय सहित रसोईघर बनकर लगभग तैयार हो चुका है। प्रधान राठौड़ द्वारा पंचायत परिसर में पौधारोपण किया गया। प्रधान राठौड़ ने बताया कि उक्त शेष निर्माण कार्य संपूर्ण होने पर जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य लोकार्पण कार्य किया जाएगा। इस दौरान उप प्रधान प्रतिनिधि कुनणा राम प्रजापत, उपसरपंच राजमल गुर्जर, धनराज वैष्णव, शांति लाल प्रजापत व मिश्री लाल गुर्जर सहित मौजूद थे।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हरिसिंह ठाकुर पुत्र श्री छोटेलाल म.नं. (क) गली नं. 15 अशोक नगर, नारीशाला रोड, अजमेर के 223 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु ग्राम थोक मालियान तृतीय के खसरा नम्बर 8984 मे प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड दी जय नगर हाउसिंग सोसायटी ने दिनांक 15.07.1981 को श्री रामस्वरूप चौधरी पुत्र श्री कालूराम चौधरी निवासी- दौराई को आवंटन किया था। उसके पश्चात श्री रामस्वरूप चौधरी पुत्र श्री कालूराम चौधरी ने श्री महेन्द्र स्वरूप व्यास पुत्र श्री रामकिशन व्यास को बेचान किया। जरिये विक्रय पत्र दिनांक 24.02.2004 द्वारा आवेदक ने श्री महेन्द्र स्वरूप व्यास पुत्र श्री रामकिशन से क्रय किया। उक्त विक्रय पत्र मे खसरा नम्बर का अंकन नहीं है। उक्त भूखण्ड मे आवेदक द्वारा मकान निर्मित कर रहवास किया जा रहा है। राज्य सरकार के परिपत्र दिनांक 28.07.2022 के अनुसार दैनिक समाचार पत्र मे विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी भी हितबद्धधारी को इस नियमन के संबंध मे आपत्ति हो तो आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन संबंधी कार्यवाही कर दी जायेगी।

उपायुक्त (दक्षिण)
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नन्दवाड़ा के ग्राम शिवपुरी में स्व. हंगामी लाल पुत्र जेठा के निधन के बाद उसका नामांतरण चिंता उर्फ़ चन्ता दोनों एक ही नाम खोला जा रहा है। किसी अन्य को वारिस की आपत्ति हो तो पंद्रह दिवस में मसूदा तहसीलदार के समक्ष आपत्ति पस्तुत कर सकता है।

प्रार्थी - चिन्ता उर्फ चन्ता
ग्राम पंचायत नन्दवाड़ा, मसूदा अजमेर
मो.नं. 9784325995

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटडा योजना के आवासीय /व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 20 A खसरा नं. 168 क्षेत्रफल 317.67 वर्गगज के आवंटी /अन्तरिति स्व. श्री लालचन्द हेमनानी पुत्र श्री ठाकुर दास हेमनानी निवासी सुन्दर नगर कोटडा अजमेर की मृत्यु दिनांक 8-5-05 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश (1)श्रीमती कमला हेमनानी पत्नि स्व. श्री लालचन्द (2) हरीश कुमार हेमनानी पुत्र स्व. लालचन्द हेमनानी (3) नारायण हेमनानी पुत्र स्व. श्री लालचन्द हेमनानी (4) भगवान दास हेमनानी पुत्र स्व. लालचन्द हेमनानी 20 A सुन्दर नगर कोटडा पुष्कर रोड अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री भगवान दास हेमनानी पुत्र स्व. श्री लालचन्द हेमनानी निवासी 20 A सुन्दर नगर कोटडा पुष्कर रोड अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 21-12-22 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध में किसी को आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर


# कोरोना से निपटने के लिए मॉकड्रिल किया

- ऑक्सीजन बैड, आईसीयू वार्ड व जरूरी दवाईयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली

**नागौर,** (निसं)। चीन में कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए भारत में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसे लेकर राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में भी कोरोना महामारी से निपटने के लिए मॉकड्रिल किया जा रहा है। इसी सिलसिले में नागौर जिले के राजकीय अस्पतालों में भी कोरोना से निपटने के लिए मॉकड्रिल किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश वर्मा ने बताया कि नागौर जिला मुख्यालय स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय अस्पताल में पीएमओ डॉ. महेश पंवार के निर्देशन में सोमवार व मंगलवार को ऑक्सीजन प्लांट का मॉकड्रिल किया गया। इसके साथ-साथ अस्पताल में ऑक्सीजन बैड, आईसीयू वार्ड व आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता के बारे में भी पीएमओ ने पूरी रिपोर्ट संबंधित स्टॉफ से ली। वहीं डीडवाना के राजकीय बांगड जिला अस्पताल सहित लाडनूं, कुचामन, डेगाना, परबतसर तथा जायल के उप जिला अस्पताल सहित जिले के समस्त राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कोरोना से निपटने के लिए मॉकड्रिल किया गया, जिनका कई जगह उपखण्ड अधिकारी व संबंधित बीसीएमओ द्वारा निरीक्षण भी किया गया।



नागौर के पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय अस्पताल में पीएमओ डॉ. महेश पंवार के निर्देशन में ऑक्सीजन प्लांट का मॉकड्रिल किया गया।

एपीडेमोलॉजिस्ट साकिर खान ने बताया कि कोरोना से निपटने के लिए निर्धारित राजकीय चिकित्सा संस्थानों में की गई मॉकड्रिल में ऑक्सीजन प्लांट को चालू करवाकर स्टेट्स की जानकारी लेने के साथ-साथ वार्डों में लगे सभी ऑक्सीजन पाइंट, ऑक्सीजन सिलेण्डर, कंसंट्रेटर सहित आईसीयू वार्ड में बैड सहित आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता का भी रिएलिटी चैक किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत लाम्बा पंचायत समिति अरांई**

क्रमाक:-ग्रा.प.लाम्बा/एसबीएम/2022-23/103 दिनांक - 27/12/22

**सीमित निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत लाम्बा व इसके अधिनस्थ ग्रामों में डोर टू डोर आवासीय एवं गैर आवासीय क्षेत्र से कचरा संग्रहण, नाली सफाई एवं ग्रामों के रास्ते पर सफाई मय कचरा निस्तारण कार्य के लिए सीमित निविदाएं आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) | निविदा फार्म बेचने की प्रारम्भ दिनांक अन्तिम तिथि समय | निविदा जमा की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा को खोलने की तिथि एवं समय | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत लाम्बा व इसके अधिनस्थ ग्रामों में डोर टू डोर आवासीय क्षेत्र से कचरा संग्रहण, नाली सफाई एवं ग्रामों के रास्ते पर सफाई मय कचरा निस्तारण कार्य | 01.20 | 30.12.2022 से 05.01.2023 को सायं 05.00 बजे तक | 06.01.2023 प्रात: 11.00 बजे तक | 06.01.2023 02.00 PM बजे से | 2400 | 500 |

UBN No- 2223WSLB00843 NIB NO- ZAJ2223A0786

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लाम्बा (पंचायत समिति अरांई)

सरपंच
ग्राम पंचायत लाम्बा (पंचायत समिति अरांई)